# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## ::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रजीगृ/जीव विज्ञान/स्थानान्तरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत मीनाक्षी सालवी, व्याख्याता, जीव विज्ञान का स्थानांतरण राउमावि, सेंती, चित्तोड़गढ़ से राउमावि, मेघपुर, बेगू, चित्तोड़गढ़ किया गया। मीनाक्षी सालवी ने अपने स्थानांतरण के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में याचिका संख्या 14807/2019 मीनाक्षी सालवी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने अपने निर्णय दिनांक 03.10.2019 में याचिकार्थिया को प्रत्यर्थी विभाग में सक्षम अधिकारी के समक्ष एक अभ्यावेदन पेश करते हुए और अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधिनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के निर्णय के क्रम में मीनाक्षी सालवी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के MENINGITIS रोग से पीड़ित होने, बच्चों के छोटे होने तथा स्थानान्तरित स्थान ग्रामीण क्षेत्र में एवं 75 किलोमीटर दूर होने के आधार पर राउमावि, सेंती, चित्तोड़गढ़ में यथावत रखने अथवा आस पास स्थित किसी भी विद्यालय की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थिया से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। मीनाक्षी सालवी, व्याख्याता जीव विज्ञान को उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में सहमति के आधार पर इनका समायोजन राउमावि, बस्सी, चित्तोड़गढ में व्याख्याता, जीव विज्ञान के पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है।

संबंधित संस्था प्रधान इनको अविलम्ब शालादर्पण के माध्यम से कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करवाया जाना सुनिश्चत करें।

(हिमांशु गुप्ता)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–4/रजीगृ/अभ्यावेदन/मीनाक्षी सालवी/को.के/19–20 दिनांकः– 24/12/19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, चित्तौड़गढ़।
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य राउमावि, मेघपुर, बेगू, चित्तोड़गढ़ /राउमावि, बस्सी, चित्तोड़गढ।
9. कार्मिक मीनाक्षी सालवी, व्या0 जीव विज्ञान राउमावि, मेघपुर, बेगू, चित्तोड़गढ़।
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर